हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 पेयजल किल्लत को लेकर लोगों के सब्र का पैमाना...



12 छोटे भाई ने दोस्त संग उतारा था बड़े भाई को मौत के घाट






## खबर संक्षेप

### चोरीशुदा बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान न्यू कृष्णा कॉलोनी निवासी नीरज उर्फ टोटा के रूप में हुई है। डाहोला निवासी सुरेंद्र ने 11 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह जिला जेल में अपने चाचा के लडक़े रणदीप से मिलने के लिए गया था। उसने अपनी बाइक जेल के गेट के सामने खड़ी की थी। वह नाम लिखवाने के लिए अंदर गया। वहां पर ज्यादा भीड़ थी।

### चौपाल का ताला तोड़कर दान पत्र से नकदी चोरी

**जींद।** गांव बिधाना चौपाल में बने कमरे का ताला तोड़ कर बिती रात चोरों ने 11 हजार रुपये की दान राशि को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गांव में संत रविदास जयंती के उपलक्ष में फेरी निकाली थी। जिसमें उन्हें 11 हजार दान राशि मिली थी। प्रतिमा के साथ दान पात्र में राशि को चौपाल में बने कमरे में रख कर ताला लगा दिया था।

### सरकारी स्कूल में सम्मान समारोह

**जींद।** अमरहेड़ी के राजकीय उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें सेकेंड जूनियर और सीनियर लेकरोस नेशनल चैंपियनशिप 2024-25 खेल गांव उदयपुर राजस्थान में आयोजित 7 से 9 फरवरी में दसवीं कक्षा की तीन छात्राएं हरियाणा की टीम में खेलते हुए गोल्ड मेडल दिलाकर लाई। जिनमें दसवीं की छात्रा किरण ने सब जूनियर की टीम में खेलते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### 84 लीटर कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने उझाना में छापेमारी कर मकान से 84 लीटर कच्ची शराब व भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मकान मालकिन के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उझाना निवासी मंजू घर में शराब बेचने का काम करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मंजू के मकान पर छापा मारा तो 84 लीटर कच्ची शराब, 34 बियर, 13 बोतल देशी शराब, 15 अध्धे तथा 19 पव्वे शराब बरामद हुई।

### भंडारण की हजारों क्विंटल पराली में लगी आग

**जींद।** गांव नगूरां खेत में व्यापार के उद्देश्य से भंडारण की गई हजारों क्विंटल पराली के संदिग्ध हालात में जलने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने व्यापार के उद्देश्य से 750 एकड़ पराली खरीद कर खेत में गांठ बना कर भंडारण की हुई थी। बीती रात किसी व्यक्ति ने पराली के ढ़ेर में आग लगा दी।

### चार खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**जींद।** उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में जींद के राजेंद्र सिंह हैंडबाल क्लब के चार खिलाड़ियों ने मेडल जीते हैं। लड़कों की हैंडबाल में अमित नायडू और विकास ने ब्रांज मेडल जीत तो लड़कियों में प्रियंका और निक्की ने रजत पदक जीता। खेलों के समापन के बाद रविवार को खिलाड़ी जींद पहुंचेए तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। लड़कियों की हैंडबाल टीम कोच अनुमीत ने बताया कि सात से 11 फरवरी तक लड़कियों और लड़कों की टीमों के बीच हैंडबाल की प्रतियोगिताएं हुई थी।

### तार चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने खेतों से बिजली के तार चोरी करने के आरोप में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रामराय निवासी रवि और भूपेंद्र के तौर पर हुई। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपितों ने चोरी की दो वारदात कबूली है। पुलिस को चोरी किए गए तार और बाइक भी बरामद कर ली है। दोनों को अदालत में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## निडानी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि संबोधित किया

# सेना में जवान व खेल क्षेत्र में युवाओं का जज्बा हरियाणा की पहचान : शिक्षा मंत्री

### देश के लिए नायाब हीरे तैयार करने वाली संस्था पर हर किसी को गर्व : महिपाल ढांडा

### मुख्यातिथि व सम्मानित अतिथियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। खिलाड़ियों से परिचय करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि देश का गौरव बढ़ाने वाले शिक्षण संस्थान को सिंचित करने के लिए हम सबको आगे आना होगा। जिस संस्थान ने खेल क्षेत्र में देश को नायाब हीरे तैयार करके दिये, उस संस्था को चलाने वालो को सहयोग देने के लिए शिक्षा विभाग हमेशा तत्पर रहेगा। क्योंकि सेना में जवान और खेल क्षेत्र में युवाओं का जज्बा हरियाणा की पहचान बना हुआ है।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रविवार को खेल गांव निडानी में भरत सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में संस्था के संरक्षक एवं हरियाणा के पूर्व डीजीपी डा. एमएस मलिक, संस्था चेयरपर्सन कृष्णा मलिक ने मुख्यातिथि और सम्मानित अतिथियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए। पूर्व डीजीपी डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि युवाओं का भविष्य शिक्षा और खेल क्षेत्र में संवर सके, इसके लिए किसी समय जो छोटा सा पौधा लगाया था। आज वह वट वृक्ष बनकर समाज और देश को सम्मान स्वरूप गौरव बढ़ाने के फल दे रहा है। यह ना केवल निडानी अपितु हर हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है। समारोह में अर्जुन अवार्डी डीएसपी गीता जाखड़, राकेश गोयल सहित अन्य शिक्षाविदों ने सम्मानित अतिथि के तौर पर भाग लिया। इस दौरान जींद एसडीएम सत्यवान मान, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, गौरव भारद्वाज, आंनद लाठर, प्रधानाचार्य ओमबीर जागलानए, प्रधानाचार्या पूनम श्योराण, अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी नरेश मलिक आदि मौजूद थे। शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में छात्र खिलाडि़यों के बीच खेल प्रतियोगिता भी हुई। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के बीच स्थित इस छोटे से गांव की धरा पर गर्व की जो गाथाएं लिखी जा रही हैं, वह अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और संयम बड़ी ताकत होते है। इसलिए जब भी खिलाड़ी मैदान में उतरे उनकों हमेशा धैर्य और अनुशासन में रहना चाहिए। ऐसे खिलाड़ियों को हमेशा सफलता मिलती है। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान संस्था को 21 लाख का अनुदान देने की घोषणा करने के साथ कहा कि छात्रों की सुविधा के लिए इस संस्था का पैरवीकार बन कर सरकार से नजरे इनायत करवाने का काम करूगां।



जुलाना। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



जींद। टेकराम कंडेला सहित अन्य खाप नेताओं को निमंत्रण देते हुए।

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था 186 देशों में कर रही काम : टेकराम कंडेला

- जींद से कल फसल बचाओ, नस्ल बचाओ अभियान की शुरुआत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आध्यात्मिक संगम, जीवन जीने की कला में जींद में होने वाले आध्यात्मिक संगम कार्यक्रम संयोजक चरण सिंह चाहर ने रविवार को खापों के प्रतिनिधियों से कंडेला में टेकराम कंडेला, सर्वजातीय राष्ट्रीय संयोजक खाप पंचायत व सतवीर सिंह दालमवाला सहित अन्य से मुलाकात की और 18 फरवरी को आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के जींद आगमन को न्योता दिया। खापों के प्रधानों ने बताया कि गुरुजी से हम समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए जितने भी नशे, नस्ल और फसल बर्बाद हो रहे हैं उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए अर्ज करेंगे। लिव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, जीरो बजट खेती की शुरुआत और पर्यावरण को बचाना तथा सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करना शामिल है। टेकराम कंडेला ने कहा कि आध्यात्मिक संगम में सभी खाप, बारहे, तपे, किसान, खिलाड़ी, पंचायत और सामाजिक संगठन भाग लेंगे और आशीर्वाद ग्रहण लेंगे। हम सभी का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, नशा, आदतों एवं बुराइयों से छुटकारा पाना है। क्योंकि श्रीश्री रविशंकर एक सिद्ध पुरुष हैं। जिनके जींद आने से जींद के विकास और उन्नति में चार चांद लग जाएंगे। इस आध्यात्मिक संगम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। इसी के साथ फसल बचाओ, नस्ल बचाओ अभियान की शुरुवात 18 फरवरी को होगी। जिसमें लगभग 25 हजार लोग शिरकत करेंगे। टेकराम कंडेला ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था 186 देशों में काम कर रही है। जिसमें 1200 से ज्यादा स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दी जाती है। प्राकृतिक खेती, गौसेवा, सात्विक भोजन, शांत मन, तंदुरुस्त शरीर, शिक्षा, वातावरण, पर्यावरण बचाव और जैविक खेती से संबंधित अनेक कोर्स चल रहे हैं। सुदर्शन क्रिया एक ऐसी सांसों की लय है, जिसमें भयानक से भयानक बीमारियां तो ठीक होती ही हैं, वहीं शारीरिक, मानसीक और भावनात्मक सुदृढ़ता भी मिलती है।

# डा. धर्मदेव विद्यार्थी निराला साहित्य शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक तथा 50 पुस्तकों के लेखक डा. धर्मदेव विद्यार्थी को निराला साहित्य कला मंच कलानौर रोहतक की ओर से निराला साहित्य शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रोहतक की हरियाणा हवेली में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में निराला साहित्य एवं कला मंच के अतिरिक्त प्रेरणा मंच कुरुक्षेत्र, निर्मला साहित्य मंच चरखी दादरी, साहित्य सदन रोहतक इत्यादि संस्थाओं की ओर से डा. धर्मदेव विद्यार्थी को हरियाणवी भाषा और संस्कृति के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर साहित्य शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया जिसमें उन्हें एक प्रशस्ति पत्र, शाल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक के हिंदी विभाग अध्यक्ष डा. बाबूराम ने की। हिंदी और हरियाणवी में लिखी गई 10 लेखकों की पुस्तकों का विमोचन भी डा. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा किया। जिसमें जय भगवान सिंगला, देवी राम शर्मा, डा. सत्यवीर सिंह, अंजू शर्मा, सुशीला जांगड़ा, रामफल सिंह खटकड़, नरेंद्र संतोषी की पुस्तकों का विमोचन प्रमुख रूप से किया गया। रोहतक से मधुकांत, भिवानी से अशोक, मंगलेश, अर्चना कोचर, इसके अतिरिक्त जींद से रामफल कुंडू, नरेश शास्त्री, ओमप्रकाश चौहान, सरोज गोयत मौजूद रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दादी व पौते समेत तीन घायल

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दादी व पौता समेत तीन लोग घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

नरवाना निवासी महिला गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पांच वर्षीय पौते आरुष के साथ बस अड्डे से ईरिक्शा में सवार होकर घर आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने ईरिक्शा को टक्कर मार दी। जिसमें दादी व पौता सड़क पर गिर कर घायल हो गए। वहीं गांव जाजनवाला निवासी दलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जा रहा था। गांव के स्कूल के निकट अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर फरार वाहन चालको के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

सरला मैमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय सफीदों में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में 13 से 15 फरवरी तक एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 13 फरवरी को आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रिटायर्ड प्रिंसिपल डा. रचना शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में बहुत से विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में भाग लिया एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इसी के साथ मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डा. सुष्मना, डा. तेजवीर, डा. विकास, खेल प्रभारी नेहा, नीलम एवं सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं 14 और 15 फरवरी को महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम सरगम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में संगीत प्राध्यापिका डा. अंजू रानी शर्मा रही। उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन में कुछ अच्छा करने और सभी को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ प्राध्यापकगण सुष्मना, डा. तेजवीर, डा. विकास लाठर, युवा व सांस्कृतिक समिति की प्रभारी सीमा चहल, नेहा, नीलम और सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



जुलाना। बैठक में भाग लेते स्कूल संचालक। फोटो :हरिभूमि

### प्राइवेट स्कूल वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव के सर छोटूराम मॉडल स्कूल में फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेल्फेयर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज ने की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. कुलभुषण शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में जिला के स्कूलों के संचालकों ने भाग लिया। बैठक का संचालन सुरेंद्र गोयत और विनोद पान्नु ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. कुलभुषण शर्मा ने कहा कि जींद जिले को एनसीआर से बाहर किया जाए। सोसायटी पर लगा जुर्माना माफ किया जाए व पोर्टल को खोला जाए। बसों पर लगा पेसेंजर टैक्स को माफ किया जाए। स्कूल बसों की समयावधि 15 वर्ष की जाए। इस अवसर पर होशियार सिंह चहल, साधुराम, सतपाल जागलान, राजेश पहल, सत्यवान नेहरा, पूर्व जिला प्रधान जितेंद्र ढांडा, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

- पायल व रीतिका को मिली बेस्ट वालेंटियर ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पौधारोपण करते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर का समापन रतिराम धर्मशाला पांडू पिंडारा में हुआ। समारोह का मुख्य विषय यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी रहा। शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों को विभिन्न विषय जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। समारोह के मुख्यअतिथि के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। स्वयंसेविकाओं को शिविर के समापन पर बधाई दी एवं अपने आसपास के लोगों को विभिन्न विषयों जैसे कैंसर, नशा मुक्ति, साफ.-सफाई आदि के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा दी। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में हम अपनी एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। उनका अभिवादन महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलावत, उप प्राचार्य नरेंद्र कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. गतिविधियों की प्रस्तुति की। इसके बाद मुख्यातिथि ने स्वयं सेविकाओं को शिविर के समापन होने पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर बधाई दी एवं पायल बीए तृतीय और रितिका बीसीए तृतीय की स्वयंसेविकाओं को बेस्ट वालेंटियर की ट्राफी से नवाजा।




सफीदों। बैठक में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर बैठक

**सफीदों।** अखिल भारतीय ब्राह्मण संसद की एक बैठक नगर के ऐतिहासिक नागक्षेत्र मंदिर हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संजीव गौत्तम ने की। बैठक में सभापति संस्था के सरंक्षक ईश्वर दत्त रहे। बैठक में संस्था का लेखाजोखा ऑडिटर कृष्ण वत्म्स ने प्रस्तुत किया। बैठक में फैसला लिया गया कि गत वर्ष की भांति इस बार भी 30 अप्रैरल को भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन में प्रातः 11 कुण्डीय यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर में विशाल सनातन धर्म यात्रा भी निकाली जाएगी। अपने संबोधन में अध्यक्ष संजीव गौत्तम ने कहा कि गत वर्ष की भांति 36 बिरादरी व सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों को साथ लेकर यह जन्मोत्सव मनाया जाएगा। क्योंकि भगवान किसी एक जाति या व्यक्ति विशेष के नहीं होते। भगवान सभी का कल्याण करने के लिए इस पृथ्वी पर आते हैं। भगवान परशुराम तो जगदगुरू है।

## जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ ने चौपाल कार्यक्रम किया आयोजित

# एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन के सिखाए गुर

- लोगों को बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं से बचाव व प्राथमिक चिकित्सा की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। आपदा से बचाव के गुर सिखाते एनडीआरएफ टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन मे रविवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 7वीं बटालियन बठिंडा द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन गांव चाबरी एवं उपमंडल सफीदों के गांव मोरखी में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदाओं से बचाव एवं प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि एनडीआरएफ टीम और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जिले में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम और चौपाल कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य लोगों को बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय बताना और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई, सहायक कमांडेंटए इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह, हवलदार सूरज डिमरी, हवलदार नरेंद्र सिंह, हवलदार क्षेत्रीय अखिलेश, सिपाही कैलाश खड़का, सिपाही भूपेंद्र तथा महिलाकर्मी पूनम और अमिता शामिल रहे। जिला प्रशासन की ओर से डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर अथॉरिटी से संतराए नवीन और विक्रम मोर ने भाग लिया। एनडीआरएफ टीम ने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों को सीपीआर, भूकंप एवं बाढ़ से बचाव, सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, रक्तस्राव नियंत्रण और हीट वेव, कोल्ड वेव से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से आपदा प्रबंधन में ग्रामीणों की क्षमता बढ़ेगी और वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठा सकेंगे। चाबरी से ग्राम सचिव कुमारी रितु और सरपंच रोहताश, वहीं गांव मोरखी से ग्राम सचिव अनिल कुमार और सरपंच सरिता देवी ने कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की।



जींद। प्रभु का गुणगान करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### सर्व सुख शांति के लिए महाअखंड जाप जारी

**जींद।** महान शक्ति संगठन कला धाम के तत्वावधान में रोहतक रोड पर चौड़ी गली में विश्व कल्याण एवं सर्व सुख शांति के लिए चल रहा 11 दिवसीय महाअखंड जाप रविवार को दसवें दिन भी जारी रहा। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में पूर्ण सतगुरू का मिलना परमपिता प्रभु भगवान की सबसे बड़ी कृपा है। क्योंकि पूर्ण सतगुरू अपने शिष्य के शुद्ध पवित्र अंत करण में ज्ञान रूपी दीपक जला कर जन्म-जन्म के सभी दुखों से बचाते हैं और उसके कीमती जीवन को सुखमय, आनंदमय और प्रकाशमय बना देते हैं। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि सेवा, सिमरन और दान, इनसे होता है कल्याण। सभी भक्तों को पूर्ण संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर संपूर्ण मानवता की भलाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। क्योंकि मानवता के प्रति निस्वार्थ भाव से किया गया कर्म ही सर्वोत्तम है। फिर चाहे वह किसी जरूरतमंद के लिए किए गए धन या किसी अन्य वस्तु का दान हो। जीवन में सत्कर्म करते हुए मन में कभी भी अहंकार नहीं आना चाहिए। क्योंकि करन करावन तो केवल निराधार भगवान है।

## खबर संक्षेप


जींद। सम्मान समारोह में भाग लेते हुए

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**नरवाना।** नरवाना कैनाल रोड स्थित जयराम अस्पताल में श्री सिद्वि विनायक सेवा समिति सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसएस जैन सभा के सदस्यों व पदाधिकारियों को पटका व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समिति द्वारा जैन समाज के प्रधान नरेश जैन को भगवान कृष्ण रथ पर गीता का उपदेश देते हुए की प्रतिमा भेंट की गई। जैन सभा को यह सम्मान उनके द्वारा किए गए बेहतरीन संत सम्मेलन व दीक्षा समारोह को लेकर दिया गया।

### विवाहिता को भगा ले जाने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** थाना शहर पुलिस कैथल ने एक महिला को भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खुराना रोड कैथल के एक व्यक्ति ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 फरवरी को सुनील नामक युवक उसकी 32 वर्षीय पत्नी को अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया। उसने उसकी आसपास भी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गढ़ नाजीर से ट्रांसफार्मर चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गुहला पुलिस में ट्रांसफार्मर चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 फरवरी को चोर गांव गढ़ नाजीर से किसान मनजीत सिंह के खेतों में रखा 20 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 93150 रुपए बताई गई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### जोधवा से दो भैंस चोरी जांच में जुटी पुलिस

**कैथल।** चीका पुलिस ने हजारों रुपये की भैंस चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव जोधवा के मिठू राम ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 फरवरी की रात को चोर उसके कमरे में बंदी दो भैंस चुरा कर ले गए। चुराई गई भैंसों की कीमत 80000 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधान के लिए पांच तो पार्षद के लिए 20 नामांकन आए

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। सोमवार को नामांकन की आखिरी तारिख है। नगरपालिका में प्रधान पद के लिए पांच आवेदन तो पार्षद के लिए अब तक 20 नामांकन दाखिल किए गए हैं। प्रधान पद के लिए आनंद लाठर, सुनील कुमार, कौशल कुमार, तरूण गर्ग, शमशेर सिंह ने आवेदन किया है तो पार्षद पद के लिए नामांकन किया।

### खिलाड़ी ने मुंबई में हुए क्रिकेट मैच में दिखाई प्रतिभा

# रणजी मैच खेलने पर पार्थ को खेल प्रेमियों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस स्कूल के क्रिकेट मैदान में अभ्यास करने वाले 21 वर्षीय पार्थ वत्स ने रणजी क्रिकेट मैच खेलकर कैथल का नाम रोशन किया है। पार्थ वत्स ने यह मैच हरियाणा की टीम में शामिल होकर खेला है। यह मैच दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ था।

इस मैच पार्थ वत्स ने प्लेइंग इलवेन के खिलाड़ी के चोटिल होने के साथ पर शामिल हुआ। पार्थ की इस उपलब्धि पर इंडस स्कूल के क्रिकेट मैदान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में कोच सुनील लोहान व विकास कुमार ने केक काटकर पार्थ का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर इस अकादमी में खेलने वाले अन्य खिलाड़ी भी मौजूद थे। पार्थ वत्स ने बताया कि वह शहर की नहर कॉलोनी का निवासी है और उसके पिता शिवकुमार एक लिपिक हैं, जो इस समय शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। पार्थ ने जानकारी देकर बताया कि वह पिछले करीब पांच साल से क्रिकेट खेल रहा है। रणजी की टीम में चयनित होने से पहले उसने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। बताया कि विजय हजारे की ट्रॉफी में छह मैच खेलकर 510 रन बनाए और 20 विकेट प्राप्त किए। वहीं, पार्थ ने बताया कि हरियाणा की टीम क्वार्टर फाइनल मैच तक पहुंची थी। इस मौके पर कोच विकास व सुनील लोहान ने बताया कि पार्थ वत्स के हरियाणा की टीम में शामिल होकर रणजी मैच खेलना कैथल के लोगों के लिए गर्व का विषय है।


कैथल। खिलाड़ी पार्थ वत्स का स्वागत करते खेल प्रेमी व कोच।

इतने छोटे से शहर से निकलकर एक राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना काफी सराहनीय है। लोहान ने बताया कि उनकी अकादमी में अन्य कई खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की टीमों में शामिल हो चुके हैं, लेकिन पार्थ पहला ऐसा क्रिकेटर है, जो हरियाणा की टीम में शामिल हुआ है। अब अकादमी का भी यही प्रयास रहेगा कि पार्थ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैच खेले और आईपीएल में भी शामिल हो।

# पुलिस ने सीवन, पोलड़ व कांगथली में युवाओं को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल पी.एस.आई. रामलाल, ए.एस.आई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा सीवन, पोलड़, कांगथली, चीका, पीडल व कलायत के गांव वजीर खेड़ा में कबड्डी कप दौरान युवाओं सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान युवाओं सहित अन्य को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है।


कैथल। कबड्डी कप के दौरान युवाओं को नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवाओं को खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने जरूरी है।

## शिक्षक अपनी एक बेस्ट प्रैक्टिस सीपीआईयू में सांझा करें : राजेश

■ निपुण मिशन के तहत सीपीआईयू बैठक करना अनिवार्य

**जींद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को अपने अपने कलस्टर में सीआरसी की अध्यक्षता में बैठक में भाग लेना जरूरी है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक को इस बारे पत्र जारी किया गया है कि वे अपने खंड में आने वाले सभी कलस्टर मुखिया को आदेश देवे की जिला स्तर से भेजे गए एजेंडा अनुसार सीपीआईयू बैठक का आयोजन 14 से 18 फरवरी के मध्य करवाना सुनिश्चित करे। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### सीएम के नेतृत्व में दोगुणी गति से हो रहा विकास

**पूंडरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में दोगुणी गति से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। जिलाध्यक्ष आज पूंडरी में विधायक के कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ विधायक सतपाल जांबा व जिला प्रभारी अमरपाल राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। पूंडरी पहुंचने पर पूंडरी मंडल अध्यक्ष मनोज राणा ने पुष्प गुच्छ देकर भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनीष कठवाड़ ने कहा कि आज हरियाणा व देश की जनता के हित भारतीय जनता पार्टी में सुरक्षित हैं, इसलिए जनता भारी बहुमत के साथ भाजपा की डबल इंजन व ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का काम अपनी वोट की ताकत से कर रही है। इस मौके पर सुभाष हजवाना, एडवोकेट विजयपाल, निधि मोहन, अमित टाया व अन्य मौजूद रहे।

# एसोसिएशन ने सदस्यों का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान रामनारायण रावल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने किया। सभा का आगाज तीन बार गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। सर्वप्रथम भोलाराम हरबारी ने धार्मिक भजन व चुटकुले सुना कर सभा को मंत्र मुक्त किया। इसके पश्चात फकीर चंद गर्ग ने प्रभु के प्रति प्रेम का गीत सुनाया। चंद्र प्रकाश एडवोकेट ने धार्मिक प्रवचन दिया जिससे जीवन में कामयाबी प्राप्त हो सके। सीताराम दयोरा ने चुटकुले सुना कर सदस्यों का मनोरंजन किया। कप्तान रवि दत्त शर्मा ने भी चुटकुले व स्वास्थ्य के बारे में प्रवचन दिया जिसको सदस्य ने ध्यानपूर्वक सुना। इसके अलावा जगत राम पूनिया, भले राम कठवाड व करम चंद जिंदल का फूल माला व स्मृति चिन्ह दे कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने भी योग के बारे में जानकारी दी सदस्यों ने ध्यानपूर्वक अमल में लाने का संकल्प लिया। प्रधान रामनारायण रावल ने सदस्यों को बताया कि जनहित में निशुल्कआंखों की जांच का कैंप मार्च माह से लगाया जाए ताकि गरीबों की सहायता हो सके।


वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित करते प्रधान रामनारायण रावल

## 17वीं जूनियर हरियाणा राज्य नेटबाल के लिए ट्रायल 18 को

**कैथल।** जिला कैथल नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अशोक सहारण ने बताया कि 17वीं जूनियर हरियाणा राज्य नेटबाल चैम्पियनशिप (लड़के व लड़कियां) व 3वीं जूनियर हरियाणा राज्य फर्स्ट 5 नेटबाल चैम्पियनशिप (लड़के व लड़कियां) व प्रथम जूनियर हरियाणा राज्य मिक्सड नेटबाल चैम्पियनशिप 20 से 22फरवरी-2025 तक श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा भिवानी में आयोजित होने जा रहे हैं। इन चैम्पियनशिप में कैथल नेटबाल टीम सभी वर्गों में भाग लेंगी। इन चैम्पियनशिप के लिए कैथल टीम का ट्रायल 18 फरवरी- 2025 को सायं 3: 00 बजे से आर. के. एस .डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कैथल में होगी। इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेगा जिसका जन्म 28 फरवरी-2006 के बाद का हो और 2024-25 नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवर्या हैं। खिलाड़ी अपना जन्म प्रमाण-पत्र व आधार कार्ड साथ ले कर आएं। यह ट्रायल सिलेक्शन कमेटी की देखरेख में किया जाएगा।



# हमें आध्यात्मिकता के मार्ग को अपनाना होगा : बहन ऊषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के कैथल रोड पर स्थित प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजौंद शाखा में रविवार को परम पिता श्री ब्रह्म के जीवन चरित्र के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाई-बहनों ने भारी संख्या में पहुंचकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में असंध आश्रम से आई बहन ऊषा व बहन नीलम ने परम पिता श्री ब्रह्मा द्वारा दी गई शिक्षा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वो है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा तो हम किसी भी परिस्थिति में घबराएंगे नही। लेकिन संतुलन के साथ उसका निराकरण कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम अपने धर्म से भटक गए है इसलिए हमें आध्यात्मिकता के मार्ग को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम अपने कार्य में इतने व्यस्त होते जा रहे है कि भगवान के नाम पर कुछ समय निकालना भी मुमकिन नहीं समझ रहे। जबकि हमें जीवन देने वाले उस परमात्मा को हर पल याद रखते हुए उसकी आराधना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार विचारों से बना है,और हमें अपने विचारों को पवित्र बनाने के लिए आत्मिक ज्ञान की आवश्यकता है। समाज में अशांति का मुख्य कारण निकृष्ट विचारों की प्रधानता है।

# सरकार की नीतियों से हर वर्ग दु:खी : वालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

इनैलो पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट शशीभूषण वालिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 दिनों में जो जनता से वायदे किए थे उनमें से कोई वायदा पूरा नहीं किया है। प्रदेश में निरंतर अपराध बढ़ रहा है। बेरोजगारी की दर भी निरंतर बढ़ती जा रही है।

### रोजगार के किल्लत

अपनी जमीन बेच कर युवाओं को विदेशों में जाना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था प्रदेश में की जाए, ताकि युवाओं को विदेशों में रोजगार को लेकर न जाना पड़े। उन्होंने कि हर वर्ग भाजपा सरकार की कारगुजारियों से खुद को ठगा महसूस कर रहा है। भाजपा ने सत्ता हासिल करने के लिए जनता से जो जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा करना तो दूर उस पर काम तक शुरू नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने की बात हो या बेरोजगारों को नौकरी देने, प्रदेश की सड़कों की हालत सुधारने की बात हो या किसानों की दयनीय दशा को सुधारने की, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तारीकरण की बात हो या शिक्षा व्यवस्था की मजबूती की, हर मुद्दे पर सरकार असफल साबित हुई है। यही वजह है कि हर कोई सरकार को कोस रहा है।

### मुद्दों से भटका रही भाजपा



उन्होंने कहा कि सरकार जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने के लिए जात-पात व धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने में जुटी हुई है, असलियत जान चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं और सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि अपराधियों का राज स्थापित हो चुका है। भाजपा रामराज की बात करती है जबकि हकीकत में प्रदेश में जंगल राज है। उन्होंने कहा कि इनैलो के शासन में हर वर्ग खुश व संतुष्ट था, जबकि आज कहानी बिलकुल उलट है।

# गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

भारत विकास परिषद शाखा सीवन की ओर से दानी स'जनों के सहयोग से 5 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक सरल विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त प्राध्यापिका व समाजसेविका संतोष शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। समाजसेवी नीरज कंसल और राजीव शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कायक्रम की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्र'वलित कर किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा किया गया यह आयोजन समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे जरूरतमंद परिवारों को संबल मिला है। ऐसे प्रयास समाज में समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल, वरिष्ठ सदस्य संगीत बंसल और अधिवक्ता सुरेंद्र सरदाना ने जानकारी देते हुए बताया कि सीवन शाखा की ओर से यह 8वां सामूहिक सरल विवाह समारोह था। इसमें 5 कन्याओं का विवाह पूर्ण रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। समारोह के दौरान कन्याओं को आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट की गई, इस आयोजन में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, परिषद के पदाधिकारियों और अन्य दानी स'जनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन केवल कृष्ण मिढा व रमेश राणा ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक भी मौजूद रहे।


सीवन। आयोजित सामूहिक विवाह में उपस्थित मुख्यातिथि।

# जिला विज्ञान प्रदर्शनी में फतेहपुर स्कूल की हंसिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर की मेधावी छात्र हंसिका ने जिले की विज्ञान प्रदर्शनी में ट्रांसपोर्ट पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता से नए केवल हंसिका ने अपने माता-पिता का बल्कि अपने विद्यालय और गांव फतेहपुर का भी नाम रोशन किया। हंसिका ने इस उपलब्धि पर कहा मुझे इस मॉडल को तैयार करने में मेरे विज्ञान अध्यापक दीपक शर्मा ने पूरा सहयोग वह मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने इस उपलब्धि पर हंसिका और विज्ञान अध्यापक दीपक शर्मा को बधाई दी और कहा कि यह हंसिका की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।




### आस्था की डुबकी लगाने से होती है मोक्ष की प्राप्ति

# विशेष फलदायी है महाकुंभ का स्नान : श्याम सुंदर गौड़

**कैथल।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ का मेला धार्मिक दृष्टिकोण से विश्व का सबसे बड़ा दिव्या एवं भव्य मेला है। इतना विशाल मेला आज तक न ही देखा गया तथा ने ही सुना गया। अनेकता में एकता भारत की विशेषता यहां पर देखने को मिलती है। विभिन्न धर्म समाज में संस्कृतियों का मिश्रण यहां बखूबी देखा जा सकता है। सेवानिवृत अध्यापक संगीतज्ञ श्याम सुंदर गॉड ने बताया कि अलग-अलग प्रांतों के लोग यहां पहुंच रहे हैं। विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में आकर बड़े चाव और श्रद्धा का परिचय दे रहे हैं। मेले का आकर्षण शाही स्नान होता है मेले में विभिन्न तरह साधु संत, महंत, महामंडलेश्वर, शंकराचार्य, हाथी घोड़े पालकियों और अपने-अपने वाहनों पर जुलूस के रूप में मेले में पहुंचे हैं। अपनी मुद्राओं क्रियाकलापों से वातावरण को धार्मिक व आकर्षक बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से लक्ष्मी ऐरावत हाथी जैसे लगभग 15 रत्न निकले। भगवान धन्वंतरि अमृत के कुंभ के सहित समुद्र से निकले। जहां-जहां पर अमृत की बूंदे पड़ी उन स्थानों पर कुंभ लगा। प्रत्येक 12 वर्ष के बाद हरिद्वार, नासिक, उज्जैन व प्रयागराज में कुंभ का मेला लगता है। कुंभ का धार्मिक दृष्टि से बड़ा ही महत्व है। कार्तिक, माघ एवं वैशाख स्नान से कई गुना अधिक फल मिलता है। वृश्चिक राशि पर जब गुरु आता है तब माघ मास की अमावस को अर्ध कुंभ होता है। ऐसा ज्योतिषियों का विचार है7 जैसा कि विदित है प्रयाग में गंगा जमुना एवं सरस्वती की तीन धाराएं आपस में मिलती हैं।



### स्नान, ध्यान और साधुओं का संगम

श्याम सुंदर ने बताया कि समय ने काफी करवट ले ली है। पहले स्नान, ध्यान और साधुओं के दर्शनार्थ लोग धार्मिक मेलों में जाया करते थे। श्रद्धा भाव रखते थे लेकिन अब वह बात नहीं रही है। मौज मस्ती के लिए अधिकतर लोग धार्मिक स्थलों पर जा रहे हैं। इसका कारण पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव के कारण बदली हुई मानसिकता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों के कइं पंडे पुजारी भी केवल धन अर्जित करने में लगे हैं। श्रद्धालु भी कम नहीं है। टीवी व इंटरनेट का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सोच भी बदल रही है आस्था कम होती जा रही है।

**खोया पाया**

मैं, कुलदीप पुत्र राज कुमार गाँव सिरटा तहसील कैथल जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरी पिछली ओरिजिनल बिक्री डीड नं 2887 दिनांक 01.08.2012 कोर्ट, कैथल के पास 01.12.2021 को खो दिया गई है। 132280082500102 सिविल लाइन पुलिस स्टेशन, कैथल में भी पंजीकृत किया गया है। यदि किसी को मिले तो एडवोकेट विनीत राठौर चेंबर नं 1120 सेक्टर 13 करनाल मोबाइल नंबर 9416212300 पर संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### बस में महिला के बैग से नकदी और जेवर चोरी

**जींद।** बद्दोवाला टोल प्लाजा के निकट बस सवार महिला के बैग से चोरों ने छह हजार रुपये की नगदी तथा चांदी के जेवरोतों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव खेड़ी मसानिया निवासी असीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पत्नी तथा बच्चों के साथ बस में सवार होकर नरवाना से भूना जा रहा था।

### युवक का अपहरण कर मारपीट का मामला दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव धनोरी के कुलदीप ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 फरवरी कोकुलदीप सैनी और रामफल ने उसका अपहरण कर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने जान की जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की।

### शराब पीने के दौरान झगड़े में एक घायल

**जींद।** न्यू बस अड्डे के निकट शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के चलते हमला कर युवक को घायल करने सिविल लाइन थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे रोड निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी फैक्टरी में काम करता है। उसके दोस्त गांव सिंध्वीखेड़ा निवासी संजय ने फोन कर न्यू बस अड्डे पर बुला लिया।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** शहर के जींद रोड पर कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। न्यू पयोदा रोड कैथल के ईश्वर ने शहर पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 फरवरी को सांय करीब 7:00 बजे जब जींद रोड कैथल से बाइक पर सवार होकर जा रहा था तो अज्ञात कार चालक ने गाड़ी को तेज गति व लापरवाही से चलते चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी,अन्य सामान चोरी

**जींद।** उचाना में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर देशी घी, इन्वर्टर, बैटरी, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुडायन निवासी हरदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उचाना में दुकान है। चोरों ने ताला तोड़ कर देशी घी का टीन, इन्वर्टर, बैटरी, सिलेंडर सहित अन्य सामान चुरा लिया।

### मारपीट में तीन युवक घायल

**कैथल।** कैथल शहर के हुड्डा सेक्टर 18 में हुई मारपीट में तीन युवक घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चंदाना के अमन ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 फरवरी को जब वह अपने दोस्त संजय और सुभाष के साथ सेक्टर 18 से गुजर रहा था तो अज्ञात युवकों ने उन पर हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया।

### रुपये नहीं देने पर हमला कर दंपती को किया घायल

**जींद।** निजी कालेज की अकाउंटेंट ने पति को रुपये नही दिए तो आरोपित ने कांच के गिलास से हमला कर पत्नी को घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैक्टर 11 निवासी मनीषा ने पुलिस को शिकायत दी है।

### दुकान से बैट्री चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** दुकान से बैटरी चोरी करने के मामले में एंटी व्हीकल स्टॉफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की जनकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी शमशेर की शिकायत अनुसार जनकपुरी कॉलोनी गली नम्बर 10 में उसकी चंडीगढ़ हेयर सेलून के नाम से दुकान है। 13 फरवरी की दोपहर वह दुकान से अपने घर खाना खाने के लिया गया था।

# खबर का असरः नरवाना रोड पर सीसी सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ

## एक करोड़ 73 लाख रुपये से लगभग दो किलोमीटर तक बनेगी सड़क

हरिभूमि इम्पेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


हरिभूमि
दिसंबर में उखाड़ा नरवाना रोड, कुछ दूरी बनवे बना अधर में छोड़ दिया काम
सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ा लोगों की दिक्कत भूला विभाग
उखाड़ी गई सड़क पर हो रहे हादसे, चालकों के साथ आमजन भी परेशान





पटियाला चौक से नरवाना रोड बाईपास तक उखाड़ कर भूले पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क निर्माण कार्य का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण के साथ वाहन चालकों तथा आमजन ने राहत की सांस ली है। सड़क के उखाड़े जाने तथा काम को अधर में छोड़े जाने के मुद्दे को हरिभूमि समाचार ने प्रमुखता से उठाया था। पानी भरने वाली जगह पर सीसी की सडक पर काम शुरूःनरवाना रोड पर दुर्गा मंदिर के निकट बारिश के दौरान पानी खड़ा हो जाता था। जिसके चलते सड़क टूट चुकी थी। अस्थायी तौर पर ब्लाक बिछाए गए थे लेकिन ब्लॉक भी कामयाब नही हो रहे थे। जिसके चलते उस स्थान पर सीसी की सड़क सीसी सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया था। सड़क पर पानी न ठहरे इसके लिए सड़क के साथ मेनहोल बनाए गए हैं और सड़क को भी सीसी का बनाया जा रहा है।

नरवाना रोड को बनाने के लिए एक करोड़ 73 लाख रुपये का ठेका दिया गया था। जिस पर दिसबर माह मे काम भी शुरू हो गया था लेकिन सड़क को उखाड कर कुछ दूरी तक वन वे बना छोड़ दिया गया था। लगभग डेढ़ माह से सड़क की कोई सुध नही ली जा रही थी। वाहन चालकों के साथ आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब काम शुरू होने के साथ लोगों को जल्द सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने की आस जागी है।

### जल्द काम पूरा हो जाएगा

पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता आरके नैन ने बताया कि लगभग दो किलोमीटर तक सड़क का निर्माण होना है। कुछ हिस्सा सीसी का बनाया जाना है। जिस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क निर्माण का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## 35 लाख किए खर्च, डंकी के रास्ते भेजा था विदेश

# सैनीपुरा मोहल्ला निवासी रवि अमेरिका से डिपोर्ट होकर आज लौटेगा अपने घर

## परिवार वालों के सभी सपने चकनाचूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सैनीपुरा मोहल्ला निवासी रवि के अमेरिका से डिपोर्ट होकर आज वापस जींद लौटने की उम्मीद है। 35 लाख रुपये खर्च कर उसे एजेंटों ने डंकी के रास्ते अमेरिका भेजा था। परिजन रवि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके माथे पर खींची चिंता की लकीरे साफ दिखाई दे रही है। रवि खाली हाथ लौट रहा है। उन्होंने उसे भेजने पर 35 लाख रुपये खर्च किए थे लेकिन एजेंटों ने अमेरिका भेजने में डंकी के रास्ते सात महीने लगा दिए।जबकि उसे दो महीने में भेजने की बात हुई थी। रवि 7 जुलाई 2024 को अमेरिका के लिए घर से गया था लेकिन वह 26 जनवरी को अमेरिका पहुंचा। अब वह खाली हाथ आ रहा है। परिवार वालों के सभी सपने अधूरे रह गए। उन्होंने राशि जुटाने के लिए अपना पुश्तैनी प्लाट भी बेचना पड़ा था। बीए पास 26 वर्षीय रवि सात जुलाई 2024 को अमेरिका गया था। रवि के भाई अमन ने बताया कि उसके भाई को दीपक मलिक, रजत मोर, मनीष पंडित नामक एजेंटों ने अमेरिका भेजा था। उनसे 29 लाख पहले और अमेरिका भेजने के बाद बाकी राशि दी जानी थीए लेकिन उन्होंने 29 लाख रुपये लेकर रवि को दुबई ही रोक लिया। वहां उसे दो महीने बंधक बना कर रखा। समय पर खाना भी नहीं दिया। वे रवि को परिजनों से भी बात नहीं करने देते थे। फिर एजेंट बाकी राशि जमा करवाने की धमकी देने लगे। यदि राशि जमा नहीं करवाई तो रवि से हाथ धो बैठोगे। फिर उन्होंने रिश्तेदारियों और भाईचारे में राशि उधार लेकर उनको भिजवाए। इसके बाद 26 जनवरी को रवि अमेरिका पहुंच गया और अब उसे अमेरिका ने वापस भेज दिया। परिजनों का कहना था कि रवि के आने के बाद वे भी एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे। उन्होंने उनके साथ धोखाधड़ी कर राशि ऐंठ ली है।


**जींद।** रवि के घर के बाहर पसरा सन्नाटा। *फोटो :हरिभूमि*

### डेढ एकड़ बेचकर डंकी से अमेरिका गया था मुआना का निशांत

**सफीदों।** कुछ बड़े सपनों की उड़ान भरकर युवाओं ने विदेश की तरफ रूख किया था। इसी प्रकार के सपने संजोने वाला सफीदों उपमंडल के सबसे बड़े गांव मुआना का निशांत भी था। अपने सपनों को पूरा करने के लिए इसी वर्ष जनवरी माह में अच्छी मोटी राशी खर्च करके डंकी के रास्ते अमेरिका गया था और उसे वहीं पर पकड़ लिया गया। अब उसे डिपोट करके भारत वापिस भेजा जा रहा है। उसके पिता अशोक ने अपने बेटे को अमेरिका भेजने के लिए अपनी करीब डेढ़ एकड़ जमीन तक बेच दी। पिता ने 55 लाख रुपए एजेंट को दिए और एजेंट ने डंकी के रास्ते से उसको अमेरिका भेज दिया। शुरूआती तौर पर एजेंट के साथ 36 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था, लेकिन एजेंट ने इधर-उधर फंसने की बात कहकर परिवार से करीब 55 लाख रूपये ले लिए। निशांत अभी जनवरी माह में ही गांव मुआना से रवाना हुआ था। रविवार को अमेरिका द्वारा वापस भेजे गए 116 भारतीयों में हरियाणा के 33 युवाओं में गांव मुआना निवासी निशांत का भी शामिल है। निशांत का परिवार खेती बाड़ी पर निर्भर था। निशांत के पिता अशोक किसी तरह से खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। लेकिन निशांत विदेश मे जाकर पैसा कमाना चाहता था ताकि उसका परिवार समृद्ध हो सके। निशांत की दो बड़ी बहनें व एक छोटा भाई है। फिलहाल तीनों कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। निशांत विदेश में जाकर अच्छा खासा पैसा कमाकर अपनी बहनों की पूरी धूमधाम से शादी करना चाहता था और अपने भाई को भी कामयाब व्यक्ति बनाना चाहता था।

# छोटे भाई ने दोस्त संग उतरा था बड़े भाई को मौत के घाट

## शराब पिलाई, ईंट मारकर हत्या, शव माइनर में डाला

- मोरखी ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी, दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मोरखी में पांच दिन पहले हुई युवक की हत्या की हत्या उसके छोटे भाई ने अपने दोस्त के साथ मिल ईंट मार कर की थी। हत्या से पूर्व मृतक को शराब पिलाई, फिर हत्या कर शव को ड्रेन में डाल दिया था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने हत्या की गुत्थी का सुलझाते हुए दोनों आरोपितों को गिफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। क्या था मामलाः गांव मोरखी निवासी राहुल (22) का शव गत 11 फरवरी को गांव के निकट पडाना ड्रेन में बरामद किया था। मृतक के सिर में चोट का निशान था। परिजनों ने मृतक को नशेड़ी बताया था। मृतक की पत्नी भी झगड़ा कर दस फरवरी को मायके चली गई थी। रातभर मृतक घर नही लौटा था। पुलिस ने मृतक के पिता राजबीर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने गुत्थी को सुलझाते हुए मृतक के छोटे भाई रोहित तथा उसके दोस्त मामन की गिरफ्तार कर लिया।

राहुल की हत्या में रंजिश सामने ने आने पर पुलिस ने मृतक के छोटे भाई रोहित से पूछताछ की तो उसने अपने भाई राहुल की हत्या की बात स्वीकार कर ली। जिसमें आरोपित रोहित के दोस्त मामन ने भी साथ दिया। रोहित अपने बड़े भाई की नशेड़ी प्रवृत्ति से खफा था। घटना वाले दिन राहुल ने अपनी मां तथा पत्नी के साथ मारपीट की थी। जिसके चलते मृतक की पत्नी अपने मायके चली गई। घटना से खफा रोहित ने अपने भाई की हत्या का तानाबाना बुन डाला। शाम को आरोपितों ने मृतक को ड्रेन पर बुला कर शराब पिलाई फिर ईंट से वार कर हत्या कर दी और शव को ड्रेन मे डाल दिया।



### पूछताछ जारी

सफीदो के डीएसपी गौरव शर्मा ने बताया कि मृतक के छोटे भाई ने अपने दोस्त के साथ मिल कर बडे भाई की हत्या की थी। दोनों आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ जारी है।

## खेडी सर्फ अली से असंध जाने वाली सड़क पर बने गड्ढे बने सिरदर्द

**राजौंद।** खेडी सर्फ अली से असंध को जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे के कारण लोगों को भारी मुश्किलें उठानी पड़ रही है। आलम यह है कि सड़क के बीचोंबीच बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बन रहे हैं। ग्रामीण मलकीत, बंटी, बीरू, राजेश, कर्मबीर ने कहा कि इस सड़क पिछले एक वर्ष से नहीं बनाया गया है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस सड़क से दिन या रात किसी भी वक्त वाहन लेकर गुजरना खतरे से खाली नहीं है। इस सड़क को लेकर वह पिछले लंबे समय से प्रशासन को अवगत करवा रहे है। परंतु जगह जगह टूटी सड़क की ओर अभी तक किसी भी अधिकारी व विभाग ने ध्यान नही दिया। टूटी फूटी सड़क के कारण आए दिन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। इन लोगों ने मांग करते हुए संबंधित विभाग द्वारा उखाड़ी गई सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि वाहन चालकों को किसी समस्या से जूझना न पड़े।



# शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव ऐंचरा खुर्द में देर रात एक घर में अचानक आग लगी। आग इतनी भयंकर थी कि पूरा घर व उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर दमकल मौके पर पहुंची और करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता। आग बुझाने में ग्रामीणों ने भी अपना काफी सहयोग किया। ग्रामीण अपने प्रयासों से घर में सो रहे लोगों को बाहर निकालने में कामयाब हो गए अन्यथा जान का भी भारी नुकसान हो सकता था। आग लगने का कारण पहले सार्ट सर्किट और बाद में सिलेण्डर का फटना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव ऐंचरा खुर्द निवासी कालू अपने परिवार के साथ मकान में सो रहा था और उसके पिता सुखबीर परिवार के सदस्यों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे घर के निचले हिस्से में अचाकर आग लग गई। कुछ ही देर में घर से भारी मात्रा में धुंआ उठने लगा और वह धुंआ आसपास के घरों तक पहुंच गया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कालू के परिवार को बताया कि घर से धुंआ निकल रहा है। आननफानन में ग्रामीणों ने परिवार के लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। कुछ ही देर में आग ने भयंकर रूप ले लिया और घर से आग की लपटे उठने लगी थी।


**सफीदों।** ऊपर से नीचे तक जला मकान। *फोटो :हरिभूमि*

# पेयजल किल्लत को लेकर लोगों के सब्र का पैमाना छलका, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में पिछले कई दिन से जारी पेयजल किल्लत को लेकर आखिरकार लोगों के सब्र का पैमाना छलक गया। इस मुद्दे को लेकर शहर के लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय परिसर में नारेबाजी की। इसके साथ ही दूषित सप्लाई को लेकर गुस्सा जाहिर किया गया। प्रदर्शकारियों में वार्ड 7, 8 व 9 के लोग मुख्य रूप से शामिल रहे। निवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने रोष प्रदर्शन किया। नपा प्रधान पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करने वाले मनप्रीत नायक, जगदीश, जोनी राणा, गिरधारी लाल, सुरेश कुमार, अमित कुमार और अन्य ने बताया कि पिछले कई दिन से पानी की समस्या बनी हुई है। सप्लाई में जो पानी आ रहा है वह पीने के लायक नहीं। सिंचाई व जन स्वास्थ्य विभाग को बार-बार स्थिति से अवगत करवाया जा रहा है। बावजूद इसके समस्या जस की तस है। सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल सप्लाई सुचारू किए जाने की मांग की। उनका कहना है कि पेयजल सप्लाई के लिए बूस्टर पर जो मोटर लगाई गई है वह भी काफी छोटी है। इससे लंबे समय से घरों में पूरा पानी नहीं पहुंच पा रहा है।


कलायत जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते लोग।

### जल्द आएगा पानीः एसडीओ

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग एस.डी.ओ इंद्राज पंवार ने बताया कि सिरसा ब्रांच नहर में पानी नहीं आया। इस कारण टैंकों में पानी की उपलब्धता नहीं है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पेयजल की सप्लाई दी जा रही है। एक-दो दिन में नहरी पानी आने पर सप्लाई सुचारू हो जाएगी। घरों में गंदा पानी किस कारण आ रहा है इसकी जांच करवा कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इसके अलावा मोटर बड़ी रखने के लिए एस्टीमेट भेजे जा चुके हैं।

**सुविधा** मिशन बुनियाद केंद्र में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर

केंद्रों पर पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए किराये भत्ते का बजट जारी

# जिले में चल रहे पांच बुनियाद केंद्रों के लिए तेरह लाख का बजट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन बुनियाद केंद्र में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। शिक्षा विभाग ने इन केंद्रों पर पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए किराया भत्ता का बजट जारी कर दिया है। जिले में चल रहे पांच बुनियाद केंद्रों के लिए 13 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इन केंद्र पर नौवीं और दसवीं की पढ़ाई कराने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बुनियाद केंद्र में विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली जेईईए नीट और सुपर 100 की परीक्षा के लिए तैयार करना है। इस समय जिले में मिशन बुनियाद के पांच केंद्र बने हुए हैं। इसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों शामिल हैं। जहां लगभग 250 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। वहीं जनवरी माह के अंत में बुनियादी लेवल 2 की परीक्षा पांच केंद्रों पर हुई थी। इसमें जिले के 1247 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे और 1209 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। दो घंटे तक चली इस परीक्षा में छात्रों से गणित आधारित 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का था और परीक्षा 200 अंकों की थी। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल 3 के लिए चुना जाएगा। लेवल.3 में छात्रों से एक विषय आधारित पेपर लिया जाएगा। इसके बाद पूरे प्रदेश से चुने गए तीन हजार को मिशन बुनियाद के अंतर्गत स्थापित 103 केंद्रों पर उनकी शिक्षा शुरू कराई जाएगी।




### मिशन बुनियाद के छात्रों के लिए जारी किराया भत्ता

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि मिशन बुनियाद के अंतर्गत विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। मिशन बुनियाद केंद्र पर पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए किराया भत्ता जारी किया गया है। बुनियाद केंद्र पर विद्यार्थी नौवीं व 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं। जिले के लिए 13 लाख रुपये का बजट जारी हुआ है।


**राजौंद।** विदाई पार्टी में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### विदाई पार्टी में जमकर थिरके विद्यार्थी

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड़ पर स्थित ज्ञानदीप वमावि के प्रांगण में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों पर टाइटल बनाये। विद्यार्थियों ने नाटक, कविता और भाषण के माध्यम से पार्टी को और भी चार चांद लगा दिए। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय को अपनी ओर से विद्यालय को उपहार स्वरूप यादगार सामान भेंट किया। स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व स्कूल प्राचार्य सतपाल सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आगे की उच्च शिक्षा के लिए आप जहां भी जाए वहां सफलता के मुकाम को हासिल कर अपने माता पिता, स्कूल, गांव व देश का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी यह विद्यालय छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए अन्य विद्यालयों में जा रहे है, वह अनुशासन में रहकर इसी तरह बेहतर परिणाम हासिल करते हुए बुलंदियों को छुए। उन्होंने कहा कि जिस गुरुजनों से उन्होंने अब तक की शिक्षा ग्रहण की है उनके प्रति वह पूरी श्रद्धा आस्था अपने दिल के अंदर रखे। इस दौरान स्कूल स्टाफ के साथ साथ विद्यार्थी भी मौजूद रहे।